भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1928**

**03.07.2019 को उत्तर देने के लिए**

**विदेशी जेलों में बंद भारतीय**

1928. **श्री मनोज कोटक:**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि 8000 भारतीय नागरिक विदेशी जेलों में बंद हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा उक्त कैदियों के प्रत्यर्पण हेतु अंतर मंत्रालयी/सरकारी बैठकें आयोजित करने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं; और

(ग) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान भारतीय कैदियों के प्रत्यर्पण हेतु इंडियन मिशन द्वारा भारतीय समुदाय कल्याण निधि (आईसीडब्ल्यूएफ) के उपयोग का देश-वार, व्यक्ति-वार और प्रतिशत-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विदेश राज्य मंत्री**

**[श्री वी. मुरलीधरन]**

(क) और (ख) मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 31.05.2019 तक विदेशी जेलों में बंद भारतीय कैदियों की संख्या 8189 है, जिसमें विचाराधीन कैदी भी शामिल हैं। देश-वार सूची अनुबंध में दी गई है। हालांकि, कई देशों में प्रचलित कड़े निजता कानूनों के कारण, स्थानीय प्राधिकारी कैदियों से संबंधित जानकारी तब तक साझा नहीं करते हैं जब तक कि संबंधित व्यक्ति इस तरह की जानकारी के प्रकटीकरण की सहमति नहीं देता है। यहां तक कि जानकारी साझा करने वाले देश भी आमतौर पर कैद किए गए विदेशी लोगों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं देते हैं।

विदेश स्थित भारतीय मिशन / केंद्र सतर्क रहते हैं और स्थानीय कानूनों के उल्लंघन या स्थानीय कानूनों के कथित उल्लंघन के आरोप में भारतीय नागरिकों के विदेश की जेलों में बंद होने की घटनाओं की बारीकी से निगरानी करते हैं। उन्हें हर संभव कौंसुली सहायता प्रदान करने के अलावा, विदेशों में भारतीय मिशन और केंद्र भी जहां भी आवश्यक हो, कानूनी सहायता प्राप्त करने में उनकी सहायता करते हैं। जिन देशों में भारतीय समुदाय बड़ी संख्या में हैं वहां मिशन और केंद्र वकीलों का एक स्थानीय पैनल भी रखते हैं।

विदेशी जेलों में बंद भारतीय नागरिकों के प्रत्यावर्तन के मामले को विदेश स्थित भारतीय मिशनों और केंद्रों द्वारा संबंधित स्थानीय प्राधिकारियों के साथ नियमित रूप से उठाया जाता है। सजायाफ्ता व्यक्तियों के स्थानांतरण (टीएसपी) हेतु द्विपक्षीय समझौते के संदर्भ, जहां भी लागू हो, के साथ-साथ सरकार इस मामले को अन्य देशों के साथ कौंसुली एवं अन्य परामर्शों के दौरान भी उठाती रहती है। इस मामले पर विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के बीच अंतरमंत्रालीय बैठकें भी आयोजित की गई हैं।

साथ ही, सरकार विदेश स्थित इसके मिशनों/केंद्रों के माध्यम से और उच्चस्तरीय यात्राओं के दौरान विदेशों में भारतीय कैदियों को क्षमादान/सजा बदल देने के मामले भी उठाती है और आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई

करती है। वर्ष 2016 से आज तक खाड़ी क्षेत्र के देशों में कुल 3087 भारतीय नागरिकों को क्षमादान दिया गया है या उनकी सजा बदल दी गई।

(ग) विदेश में संकट के समय में सर्वाधिक उपयुक्त मामलों में साधन-परीक्षित आधार पर भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए विदेश स्थित मिशनों एवं केंद्रों में भारतीय समुदाय कल्याण कोष स्थापित किया गया है। भारतीय समुदाय कल्याण कोष (आईसीडब्ल्यूएफ) के तहत दी गई सहायता में विदेश में फंसे हुए भारतीयों को हवाई यातायात की सुविधा देना शामिल है। तथापि आईसीडब्ल्यूएफ के माध्यम से भारतीय कैदियों के प्रत्यावर्तन के संबंध में कोई विशिष्ट आंकड़े इस मंत्रालय में नहीं रखे जाते हैं।

*****

अनुबंध

| विदेशी जेलों में बंद भारतीय के संबंध में 03.07.2019 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1928 | | |
|---|---|---|
| क्रम संख्या | देश का नाम | 31.05.2019 को विदेशी जेलों में बंद भारतीयों की संख्या |
| 1 | अफ़ग़ानिस्तान | शून्य |
| 2 | एलजीरिया | शून्य |
| 3 | अंगोला | शून्य |
| 4 | अर्जेंटीना | शून्य |
| 5 | आर्मीनिया | 9 |
| 6 | ऑस्ट्रिया | 5 |
| 7 | ऑस्ट्रेलिया | 78 |
| 8 | अज़रबाइजान | 3 |
| 9 | बहरीन | 134 |
| 10 | बेलारूस | 1 |
| 11 | बांग्लादेश | 58 |
| 12 | बेल्जियम | 12 |
| 13 | भूटान | 53 |
| 14 | बोत्सवाना | शून्य |
| 15 | ब्राज़ील | 2 |
| 16 | ब्रुनेई | 1 |
| 17 | बुल्गारिया | शून्य |
| 18 | कंबोडिया | 3 |
| 19 | कनाडा | 70 |
| 20 | चिली | शून्य |
| 21 | चीन | 270 |
| 22 | कांगो | 4 |
| 23 | कोलम्बिया | 5 |
| 24 | कोड डी आइवरी | 1 |
| 25 | क्रोएशिया | शून्य |
| 26 | क्यूबा | 1 |
| 27 | साइप्रस | 11 |
| 28 | चेक गणराज्य | शून्य |
| 29 | डेनमार्क | 5 |
| 30 | मिस्र | 2 |
| 31 | इथियोपिया | शून्य |
| 32 | फ़िजी | 1 |
| 33 | फिनलैंड | 1 |
| 34 | फ्रांस | 38 |
| 35 | जर्मनी | 59 |
| 36 | घाना | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 37 | ग्वाटेमाला | 2 |
| 38 | गुयाना | शून्य |
| 39 | हंगरी | 3 |
| 40 | आइसलैंड | शून्य |
| 41 | इंडोनेशिया | 19 |
| 42 | ईरान | 18 |
| 43 | इराक | 4 |
| 44 | आयरलैंड | शून्य |
| 45 | इजराइल | 7 |
| 46 | इटली | 242 |
| 47 | जमैका | शून्य |
| 48 | जापान | 7 |
| 49 | जॉर्डन | 25 |
| 50 | कजाखस्तान | शून्य |
| 51 | केन्या | शून्य |
| 52 | कोरिया (डीपीआर) | शून्य |
| 53 | कोरिया गणराज्य) | 3 |
| 54 | कुवैत | 511 |
| 55 | किर्गिस्तान | 2 |
| 56 | लाओस पीडीआर | 2 |
| 57 | लेबनान | 5 |
| 58 | लीबिया | शून्य |
| 59 | मेडागास्कर | 15 |
| 60 | मलावी | शून्य |
| 61 | मलेशिया | 576 |
| 62 | मालदीव | 14 |
| 63 | माली | शून्य |
| 64 | माल्टा | 1 |
| 65 | मॉरीशस | 4 |
| 66 | मेक्सिको | 2 |
| 67 | मोरक्को | शून्य |
| 68 | मंगोलिया | शून्य |
| 69 | मोजाम्बिक | 6 |
| 70 | म्यांमार | 61 |
| 71 | नामीबिया | शून्य |
| 72 | नेपाल | 1160 |
| 73 | नीदरलैंड | 1 |
| 74 | न्यूजीलैंड | 13 |
| 75 | नाइजर | शून्य |
| 76 | नाइजीरिया | 1 |
| 77 | नॉर्वे | शून्य |
| 78 | ओमान | 101 |
| 79 | पाकिस्तान | 48 |

| | | |
|---|---|---|
| 80 | फिलिस्तीन | शून्य |
| 81 | पनामा | 1 |
| 82 | पापुआ न्यू गिनी | शून्य |
| 83 | पेरू | शून्य |
| 84 | फिलीपींस | 34 |
| 85 | पोलैंड | 5 |
| 86 | पुर्तगाल | 5 |
| 87 | कतर | 257 |
| 88 | रोमानिया | शून्य |
| 89 | रूस | 6 |
| 90 | सऊदी अरब | 1811 |
| 91 | सर्बिया | शून्य |
| 92 | सेनेगल | शून्य |
| 93 | सेशेल्स | शून्य |
| 94 | सिंगापुर | 111 |
| 95 | स्लोवाक गणराज्य | शून्य |
| 96 | स्लोवेनिया | 2 |
| 97 | दक्षिण अफ्रीका | 6 |
| 98 | दक्षिण सूडान | शून्य |
| 99 | स्पेन | 21 |
| 100 | श्री लंका | 111 |
| 101 | सूडान | शून्य |
| 102 | सूरीनाम | शून्य |
| 103 | स्वीडन | 2 |
| 104 | स्विट्जरलैंड | शून्य |
| 105 | सीरिया | शून्य |
| 106 | तजाकिस्तान | शून्य |
| 107 | तंजानिया | 1 |
| 108 | थाईलैंड | 44 |
| 109 | ट्रिनिडाड और टोबैगो | शून्य |
| 110 | ट्यूनीशिया | शून्य |
| 111 | तुर्की | 2 |
| 112 | तुर्कमेनिस्तान | शून्य |
| 113 | युगांडा | 1 |
| 114 | संयुक्त अरब अमीरात | 1392 |
| 115 | यूनाइटेड किंगडम | 6 |
| 116 | वेनेजुएला | शून्य |
| 117 | वियतनाम | शून्य |
| 118 | संयुक्त राज्य अमरीका | 689 |
| 119 | उज़्बेकिस्तान | शून्य |
| 120 | वेनेजुएला | शून्य |
| 121 | वियतनाम | 1 |
| 122 | जाम्बिया | शून्य |

| | | |
|---|---|---|
| 123 | जिम्बाब्वे | शून्य |
| **कुल** | | 8189 |